लोक सभा अध्यक्ष ने नेपाल और भारत में आये विनाशकारी भूकम्प में हुई जान-माल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने नेपाल और उत्तर भारत के विभिन्न भागों में आये विनाशकारी भूकम्प में हुई जान-माल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्रीमती महाजन ने अपने सन्देश में कहा है, " मुझे नेपाल और भारत में आये भूकम्प से हुए विनाश के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ है। मैं उन सब परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इस भूकम्प में अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं उन सभी व्यक्तियों के प्रति भी सहानुभूति व्यक्त करती हूँ जो घायल हुए हैं और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ।दुःख की इस घडी में हम प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मैं आशा करती हूँ कि बचाव और राहत कार्य तीव्रता से किया जाएगा।